''किसी भी राश्ट्र की उन्नति एवं सभ्य समाज के निर्माण में उस राश्ट की ि ाक्षा व्यवस्था का अहम योगदान होता है'' इस बात को ध्यान में रखते हुए ि ाक्षा को भारत में प्रोत्साहन देना अत्यंत आव यक है। स्वतंत्रता से पूर्व दे ा में ि ाक्षा व्यवस्था के लिए अनुकूल परिस्थितियां नही थी। फिर भी इस क्षेत्र में किए गए प्रयास औपनिवे ि ाक भाासन की प्र ाासनिक तथा व्यापारिक आव यकताओं से प्रेरित थे और यहां ि ाक्षा के लिए अनुकूल परिस्थितियां न बन सकीं। स्वतंत्रता प्राप्ति के प चात भारतीय राजनीतिज्ञों ने इस विशय को प्राथमिकता के तौर पर स्वीकार किया तथा ि ाक्षा को आधुनिक स्तर तक विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए गए।

तमाम प्रयासों के बावजूद सरकारी स्कूलों में नामांकन में आई कमी का सीधा–सा मतलब है कि अभिभवाक अब अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए सरकारी स्कूलों से ज्यादा निजी स्कूलों को तरजीह दे रहे हैं। दरअसल, सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में आ रही लगातार गिरावट से अभिभावकों को यह एहसास होने लगा है कि यहां उनके बच्चों का भविष्य उज्ज्वल नहीं है। गलाकाट प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जहां निजी नौकरियां ही एकमात्र विकल्प हैं, ऐसे में यदि उनके बच्चों को आगे रहना है तो सरकारी नहीं बल्कि पब्लिक स्कूल ही उचित होगा। उन्हें इस बात का यकीन है कि प्राइवेट कंपनियों की कार्य–संस्कृति और उस वातावरण को तैयार करने की क्षमता पब्लिक स्कूलों में होती है। यह कार्य–संस्कृति वास्तव में अंग्रेजी भाषा से जुड़ी है।

अभिभावकों को लगता है कि सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी केवल एक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है, वह भी नाममात्र के लिए जबकि पब्लिक स्कूलों में हिंदी विषय को छोड़ कर अन्य सभी विषय न केवल अंग्रेजी में पढ़ाए जाते हैं। बल्कि स्कूल परिसर में छात्रों को अंग्रेजी भाषा में ही बात करने के लिए प्रेरित भी किया जाता है। अंग्रेजी भाषा से स्कूली पढ़ाई करने वाले बच्चों को भविष्य में मेडिकल, इंजीनियरिंग कानून प्रबंधन और मीडिया जैसे पेशेवर क्षेत्रों की पढ़ाई कराने वाले देश के उच्च शिक्षण संस्थाओं में आसानी से प्रवेश मिल सकता है। जबकि सरकारी स्कूलों में हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले बच्चों को इन्हीं क्षेत्रों में प्रवेश पाना मुश्किल हो जाता है।

विगत कुछ वर्शों से यह एक समस्या के रूप में देखने को मिला है कि बच्चों में पढाई के प्रति उदासीनता का वातावरण है। वास्तविक कारणों का रूख करें तो कई जिम्मेदार कारण मिलेंगे। वर्तमान परिवारों की बदलती जीवन भौली तथा व्यस्तता के कारण अभिभावकों द्वारा बच्चों को पर्याप्त समय न दे पाना, बच्चों को सामाजिक वातावण से दूर रखना तथा मनोरंजन के आधुनिक साधनों का अनाव यक उपयोग ि ाक्षा के प्रति बच्चों में कम होते रूझान का एक कारण है।

सरकारी स्कूलों की खराब होती गुणवत्ता के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही जिम्मेदार है। अधिकारी और शिक्षक सरकारी खजाने से वेतन और अन्य सुविधाएं तो प्राप्त करते हैं, लेकिन अपने बच्चों को पब्लिक स्कूलों में पढ़ाते हैं। जरूरत है 2015 में दिए गए इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को सख्ती से लागू करने की, जिसमें कोर्ट ने सभी नौकरशाहों और सरकारी कर्मचारियों के लिए उनके बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़वाना अनिवार्य किया था। जब सरकारी अफसरों और कर्मचारियों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे तभी इन स्कूलों की हालत सुधर पाएगी।

सुझाव–

1 बच्चों में शिक्षा को लेकर तुलनात्मक मुल्यांकन कभी भी न करें।

2 माता–पिता अपने बच्चों को अधिक–से–अधिक समय दें।

3 बच्चों की असफलता पर गुस्सा ना करें और न ही उन्हें किसी प्रकार का लालच दें।

4 बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखें।

5 अपने बच्चों के मित्रों से मिलें उन्हें समझें और चीजों को समझाएं।

6 समय–समय पर ट्यूशन कोचिंग और बच्चे की पढ़ाई के अतिरिक्त उसके मोबाइल फोन की भी जांच करें और अच्छे बुरे की जानकारी देकर प्यार से समझाएं।

7 बच्चों की जीत पर उन्हें उनके मांग के मुताबिक उन्हें तुरंत चीजें मुहैया करवाकर पल्ला झाड़ लेना भी ठीक नहीं होता।

8 बच्चों को गलती करने पर भी सच बोलने के लिए प्रेरित करना गलतियों पर सजा न देकर समझाएं।

9 हमारे देश में शिक्षा की जो पद्धति अपनाई जाती हैं वह प्रयोगात्मक न होकर रटने वाले होते हैं उसमें सुधार करना चाहिए।

10 परिवार के सदस्यों द्वारा बच्चों को नैतिक व मूल्यवान शिक्षा देनी चाहिए जिससे बच्चों में

पढ़ाई के प्रति रुचि उत्पन्न हो।

11 विगत 2 वर्षों में मोबाइल फोन लैपटॉप जैसे डिवाइस ने छोटे बच्चों में टेक्नोलॉजी की अधिकता और उपयोगिता को बढ़ा दिया है इससे बच्चों को थोड़ा दूर रखना चाहिए।

निष्कर्श –

प्रत्यके राश्ट्र के सर्वांगीण विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षा की होती है। कोई भी प्रदेश इसकी अनदेखी करके उन्नति के पथ पर अग्रसर नहीं हो सकता है। स्कूलों व कॉलेजों में दी जाने वाली गुणवत्ता युक्त शिक्षा बच्चों व युवाओं में बेहतर व्यवहार, कौ ाल, तथा व्यवहार का निर्माण करेगी जिससे प्रदेश के विकास की नींव उतनी ही मजबूत होगी। अच्छी शिक्षा के लिए आधारभूत ढांचे के साथ ही यह भी जरूरी है कि शिक्षकों को समय पर वेतन भत्तों के अलावा आव यक प्र ि ाक्षण उपलब्ध कराया जाना चाहिए जिससे ि ाक्षा में तकनीकी एवं नवाचार प्रयोगों का पुश्ट लाभ मिलता रहे।

सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में लगातार गिरावट आने का बड़ा कारण शिक्षकों की कमी भी है। देशभर में सरकारी स्कूलों में तकरीबन साठ लाख शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन अलग–अलग स्तरों पर जारी किए गए सरकारी आंकड़ों और कई संस्थाओं के शोध–सर्वे में यह बात सामनेलाख शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं लेकिन अलग–अलग स्तरों पर जारी किए गए सरकारी आंकड़ों और कई संस्थाओं के शोध–सर्वे में यह बात सामने आई है कि इस वक्त देशभर में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लगभग दस लाख पद खाली हैं। इनमें अकेले नौ लाख पद प्राथमिक स्कूलों में खाली हैं। प्राथमिक स्तर पर सबसे ज्यादा दो लाख चौबीस हजार से ज्यादा पद उत्तर प्रदेश में खालीहैं। इसी तरह बिहार में दो लाख से ज्यादा प्राथमिक स्कूल शिक्षकों के पद खाली हैं। पश्चिम बंगाल और झारखंड के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में भी शिक्षकों के औसतन एक तिहाई पद खाली हैं।

इसके बाद मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का नंबर आता है, जहां स्थिति कुछ बेहतर है लेकिन इसे भी संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है। इसके विपरीत गोवा, ओड़ीशा और सिक्किम में प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों का कोई पद खाली नहीं है। सिक्किम देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर शिक्षकों के शत–फीसद पद भरे हुए हैं। जबकि माध्यमिक स्तर पर देश में शिक्षकों की सबसे ज्यादा कमी झारखंड में है। बिहार में भी माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों के स्वीकृत सत्रह हजार से अधिक पद खाली हैं। देश के सबसे

अशांत राज्य जम्मू–कश्मीर में भी इक्कीस हजार से अधिक माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों की जगह खाली है।

समस्या केवल शिक्षकों की कमी की नहीं, प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी की भी है। सेंटर फॉर बजट एंड गवर्नेंस अकाउंटबिलिटी (सीबीजीए) और चाइल्ड राइट एंड यू (क्राई) के एक शोध के अनुसार योग्य शिक्षकों की कमी देश के लगभग सभी राज्यों में है। समूचे देश में शिक्षक–छात्र अनुपात, शिक्षकों की संख्या और उनके प्रशिक्षण के मामले में बिहार की स्थिति सबसे खराब है, जहां खाली पड़े पदों को भरने के लिए अतिथि शिक्षकों के नाम पर बड़ी संख्या में अप्रशिक्षित शिक्षकों की भर्ती कर दी गई। बिहार के प्राथमिक स्कूलों में अड़तीस फीसद से ज्यादा अध्यापक प्रशिक्षित नहीं हैं, जबकि माध्यमिक स्तर पर ऐसे शिक्षकों की संख्या पैंतीस फीसद है। दूसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल आता है जहां प्राथमिक स्तर पर 31.4 और माध्यमिक स्तर पर 23.9 फीसद शिक्षक प्रशिक्षित नहीं हैं।

सरकारी स्कूलों की खराब होती गुणवत्ता के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही जिम्मेदार है। अधिकारी और शिक्षक सरकारी खजाने से वेतन और अन्य सुविधाएं तो प्राप्त करते हैं, लेकिन अपने बच्चों को पब्लिक स्कूलों में पढ़ाते हैं। जरूरत है 2015 में दिए गए इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को सख्ती से लागू करने की, जिसमें कोर्ट ने सभी नौकरशाहों और सरकारी कर्मचारियों के लिए उनके बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़वाना अनिवार्य किया था। जब सरकारी अफसरों और कर्मचारियों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे तभी इन स्कूलों की हालत सुधर पाएगी।

शिक्षा हमें यह तर्क करने में मदद करती है कि क्या सही है और क्या गलत। शिक्षा से मनुष्य के विचारों में संतुलन और स्थिरता आती है। शिक्षा से हमारा धैर्य, चिंतन–मनन और संकल्प की शक्ति बढ़ती है। शिक्षा से हम गरीबी और अज्ञानता को मिटा सकते हैं और शिक्षा से ही हम अपने आस–पास शांति और भाई–चारे का माहौल बना सकते हैं। इसलिए स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ नागरिक के निर्माण के लिए समाज के अंतिम पंक्ति तक ि ाक्षा के पहुंच को

संदर्भ ग्रंथ सुची–

1. चौबे प्रसाद सरयू, शिक्षा के समाजशास्त्रीय आधार, श्री विनोद पुस्तक मंदिर आगरा दशम संशोधित संस्करण 2009
2. अस्थाना विपिन एवं निधि अग्रवाल पब्लिकेशन द्वितीय संस्करण 2015.

3. बक्शी एन.एस. शिक्षा दर्शन प्रेरणा प्रकाशन 2009.

4. पांडे आर. एस. ''भारतीय शिक्षा'' चिंता एवं मुद्दे 2012.

5. यागी जी एस डी. एवं पाठक पी डी 1985, ''भारतीय शिक्षा की समसामयिक समस्याएं '',आगरा विनोद पुस्तक मंदिर.

6. वास्तव नारायण गोपाल शिक्षा के प्रति युवाओं में बढ़ती उदासीनता 1436 सीतापुर रोड.

7. गोपाल उषा, शिक्षा के सिद्धांत, स्पोर्ट्स पब्लिकेशन ,प्रथम संस्करण 2006.

8. गुप्ता यू. सी., खेल मनोविज्ञान और शारीरिक शिक्षा के समाजिक, खेल साहित्य केंद्र, भारत में प्रकाशित 2008.

9. मिश्रा महेंद्र कुमार, शिक्षा सिद्धांत एवं आधुनिक भारत की शिक्षा,यूनिवर्सिटी बुक हाउस (प्रा.)लिमिटेड.

10. बिहारीलाल विश्वनाथ एवं त्रिपाठी नरेश चंद्र,''शिक्षा के नूतन आयाम'', श्री विनोद पुस्तक मंदिर– आगरा–2, 2009.

11. त्रिपाठी मधुसूदन,''आधुनिक भारतीय समाज में शिक्षा'', ओमेगा पब्लिकेशंस नई दिल्ली, 2009

परिि ाश्टः–

SANDIPANI ACADEMY

Gram - Achhoti, Post- Murmunda,
Via- Dhamdha, Dist.- Durg (C.G.) 490036
Telefax : 07821-270220
Mobile : +91 9300008230
Email : sandipani.achhoti@gmail.com

अछोटी (दुर्ग), दिनांक 23/12/21

सां. ए. / 2021 / क्रमांक 3 सं. (A.)

प्रति

सरपंच

ग्राम पंचायत–ढाबा,

विषय :– ग्राम– ढाबा में लघु शोध करने बाबत्

महोदय जी,

सविनय निवेदन है कि हमारे महाविद्यालय का नाम सांदीपनी एकेडमी अछोटी है। महाविद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे माहाविद्यालय (शिक्षा विभाग) के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा के प्रति बढते उदासीनता विषय पर "लघु शोध" (Mini PhD)दिनांक 23.12.2021 को किया जाना है।

अतः उक्त कार्य को सम्पन्न कराने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

सधन्यवाद!

सरपंच
ग्राम पंचायत–ढाबा
वि.ख. धमधा जि. दुर्ग (छ.ग.)

विभागाध्यक्ष
डॉ. संध्या पुजारी
सांदीपनी एकेडमी अछोटी

Registered Office : LIG - II / 148, Sector - 2, Pt. Dindayal Upadhyay Nagar, Raipur (Chhattisgarh) 492 010

SANDIPANI ACADEMY

Gram - Achhoti, Post- Murmunda,
Via- Dhamdha, Dist.- Durg (C.G.) 490036
Telefax : 07821-270220
Mobile : +91 9300008230
Email : sandipani.achhoti@gmail.com

सां. ए./2021/क्रमांक 364(13) — अछोटी (दुर्ग), दिनांक 17/12/21

प्रति

सरपंच

ग्राम पंचायत–मुरमुंदा,

विषय :– ग्राम– मुरमुंदा में लघु शोध करने बाबत्

महोदय जी,

सविनय निवेदन है कि हमारे महाविद्यालय का नाम सांदीपनी एकेडमी अछोटी है। महाविद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे माहाविद्यालय (शिक्षा विभाग) के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा के प्रति बढ़ते उदासीनता विषय पर "लघु शोध" (Mini PhD) दिनांक 17.12.2021 को किया जाना है।

अतः उक्त कार्य को सम्पन्न कराने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

सधन्यवाद!

सरपंच
ग्राम पंचायत मुरमुंदा
वि.ख.धमधा, जि.-दुर्ग (छ.ग.)

विभागाध्यक्ष
डॉ. संध्या पुजारी
सांदीपनी एकेडमी अछोटी

Registered Office : LIG - II / 148, Sector - 2, Pt. Dindayal Upadhyay Nagar, Raipur (Chhattisgarh) 492 010

SANDIPANI ACADEMY

Gram - Achhoti, Post- Murmunda,
Via- Dhamdha, Dist.- Durg (C.G.) 490036
Telefax : 07821-270220
Mobile : +91 9300008230
Email : sandipani.achhoti@gmail.com

सां. ए./2021/क्रमांक 365(A)   अछोटी (दुर्ग), दिनांक 20/12/21

प्रति

सरपंच

ग्राम पंचायत–बोरसी,

विषय :– ग्राम– बोरसी में लघु शोध करने बाबत्

महोदय जी,

सविनय निवेदन है कि हमारे महाविद्यालय का नाम सांदीपनी एकेडमी अछोटी है। महाविद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे माहाविद्यालय (शिक्षा विभाग) के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा के प्रति बढ़ते उदासीनता विषय पर "लघु शोध" (Mini PhD) दिनांक 20.12.2021 को किया जाना है।

अतः उक्त कार्य को सम्पन्न कराने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

सधन्यवाद!

सरपंच
ग्राम पंचायत–बोरसी
वि.खं. धमधा जि.दुर्ग (छ.ग.)

विभागाध्यक्ष
डॉ. संध्या पुजारी
सांदीपनी एकेडमी अछोटी

SANDIPANI ACADEMY

ACHHOTI (MURMUNDA), DURG (C.G.)

शिक्षा के प्रति बढ़ती उदासीनता

धमधा विकासखण्ड के अंतर्गत

जिला–दुर्ग (छ.ग)

व्यक्तिगत साक्षात्कार अनुसूची

(आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। इसका उपयोग केवल लघु शोध कार्य हेतु किया जाएगा।)

(अ) सामान्य जानकारी

न्यादर्श क्र. ..... ग्राम .. गोड़ही ..... विकासखण्ड – धमधा

1. उत्तरदाता का नाम ..... 2. पिता/पति का नाम .....
3. आयु ..... (वर्ष में) 4. लिंग– पुरूष / महिला / अन्य
5. वैवाहिक स्थिति– विवाहित / अविवाहित / विधवा / विदुर / परित्यक्ता
6. शैक्षणिक स्थिति – शिक्षित / अशिक्षित

(ब) पारिवारिक विवरण

क्र.	सदस्य का नाम	लिंग	मुखिया से संबंध	आयु (वर्ष में)	शैक्षणिक स्थिति	वैवाहिक स्थिति	व्यवसाय	मासिक आय (रू. में)
1.								
2.								
3.								
4.								
5.								
6.								
7.								
8.								
9.								

10.								
11.								
12.								

(स) शिक्षण संबंधी जानकारी

1. परिवार का प्रकार – संयुक्त/एकल

2. शिक्षा का स्तर – प्राथमिक/माध्य./उच्च माध्य./उच्चतर माध्य./स्नातक/स्नातकोत्तर/तकनीकी शिक्षा/अन्य

3. आपके घर की महिलाएं शिक्षित हैं– हां/नहीं

4. आय का साधन क्या है .....

5. कितने लोग सरकारी नौकरी में हैं .....

6. शिक्षा की सरकारी योजना का लाभ उठाया जा रहा है हां/नहीं

7. क्या आपके यहां कोई सिविल सर्विस सेवा की तैयारी कर रहे हैं हां/नहीं

8. आपके घर में कोई विद्यार्थी नवोदय/प्रयास विद्यालय में चयनित हुए हैं हां/नही

दिनांक – हस्ताक्षर

WELCOME
GPS Map Camera
Godhi, Chhattisgarh, India
8FGQ+97H, Godhi, Chhattisgarh 490042, India
Lat 21.325869°
Long 81.486238°
08/01/22 12:25 PM
Google

ग्राम पंचायत मुरमुंदा
जनपद पंचायत - धमधा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
स्वागतम्

Durg, Chhattisgarh, India
Unnamed Road, Chhattisgarh 490042, India
Lat 21.323817°
Long 81.481851°
16/12/21 02:16 PM
Google

Durg, Chhattisgarh, India
Unnamed Road, Chhattisgarh 490042, India
Lat 21.322443°
Long 81.480612°
16/12/21 01:43 PM
Google

ग्राम पंचायत मुरमुंडा
Murmunda, Chhattisgarh, India
8F57+7J5, Murmunda, Chhattisgarh 490036, India
Lat 21.308098°
Long 81.463823°
14/03/22 02:22 PM
Murmunda
Google

परियोजना निदे ाक
डॉ. आभा दूबे
(निर्दे ाक एवं सहा. प्राध्यापक)

विभागाध्यक्ष
डॉ. संध्या पुजारी
(सहायक प्राध्यापक)

मार्गद ाक
सुश्री ममता ध्रुव (सहायक प्राध्यापक)

भोधकर्ता
विद्यार्थीगण बीएड. एवं बीए. बीएड. (द्वितीय वर्श)

भोध संस्थान
ि ाक्षा विभाग, सांदीपनी एकेडमी,
अछोटी (मुरमुंदा), दुर्ग (छत्तीसगढ़)

धमधा विकासखण्ड के अंतर्गत नवीन कृषि पध्दति का कृषि उत्पादन एवं कृषकों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

सत्र–2021–22

SANDIPANI ACADEMY

निर्देशक
श्री महेन्द्र चौबे

परियोजना निदेशक
डॉ. आभा दूबे
(Advisor)
(सहायक प्राध्यापक)

विभागाध्यक्ष
डॉ. संध्या पुजारी
(सहायक प्राध्यापक)

मार्गदर्शक
सुश्री ममता ध्रूव
(सहायक प्राध्यापक)

शोधकर्ता
विद्यार्थीगण
बीए. बीएड. (द्वितीय वर्ष)

शोध संस्थान
सांदीपनी एकेडमी, ग्राम–अछोटी, पोस्ट–मुरमुंदा
व्हाया–धमधा जिला–दुर्ग(छत्तीसगढ़)
फैक्स–07821–270220
मोबाइल नं.919300008230

SANDIPANI ACADEMY ACHHOTI (MURMUNDA) DISTT.-DURG (C.G.)

आभार

सांदीपनी एकेडमी अछोटी मुरमुंदा दुर्ग के तत्वावधान में "दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड के अंतर्गत नवीन कृषि पध्दति का कृषि उत्पादन एवं कृषकों पर प्रभाव" विषय पर लघु–शोध प्रबंध लेखन कार्य में कुशल मार्गदर्शन हेतु संस्था प्रमुख श्री महेन्द्र चौबे का विशेष आभार। इस परियोजना कार्य के लिए बतौर निर्देशक अपना योगदान देने के लिए शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या पुजारी(सह संयोजक) का हार्दिक आभार तथा आभार परियोजना निर्देशक डॉ. आभा दूबे (मुख्य सलाहकार एवं सहायक प्राध्यापिका) का जिन्होंने इस परियोजना कार्य के क्रियान्वयन को सुचारू एवं सफल बनाने में शोध सलाहकार के रूप में अपना योगदान दिया। अग्रलिखित बीए बीएड द्वितीय वर्ष के उन समस्त विद्यार्थियों का विशेष आभार जिन्होने परियोजना कार्य को पूर्ण करने में न केवल अपना सहयोग दिया अपितु प्रभावी कार्य हेतु अपने ज्ञान एवं कौशल का भी सार्थक प्रयोग किया। साथ ही इस लघु शोध कार्य को पुर्ण करने में आरंभ से अंत तक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना बहुमुल्य मार्गदर्शन, सहयोग, सुझाव, सलाह प्रदान करने वाले समस्त सूधीजनों का हार्दिक आभार ।

परियोजना निर्देशक
डॉ. आभा दूबे
(सहायक प्राध्यापक)
(Advisor)

प्रस्तुतकर्ता
छत्तीसगढ़ शैक्षिक, सामाजिक
सांस्कतिक संगठन(CESCO)
रायपुर, (छत्तीसगढ)

मार्गदर्शक
सुश्री ममता ध्रूव
(सहायक प्राध्यापिका)

राजनैतिक मानचित्र–1.छत्तीसगढ राज्य़, 2.दुर्ग जिला



बीए. बीएड. (द्वितीय वर्श) के भाोधकर्ता विद्यार्थीगण

क्र.	समूह A	समूह B	समूह C
1	दिने ा कुमार सेन	अजय पटेल	कल्पना सोम
2	खु ाी भार्मा	मोहन कोमरे	इन्द्र कुमार
3	प्रीति बाघमारे	भरतभूशण	अदिति ध्रुव
4	खु ाबू वर्मा	चित्रेण	दीक्षा वाहने
5	प्रिया बंजारे	उत्तम ध्रुव	दुर्गा
6	तमिनी पाडी	हरप्रीत कौर	रेणुका यादव
7	अतुल देवांगन	नेहा भार्मा	किरण मंडावी
8	दामिनी	गरिमा श्रीवास	लोके ा पटेल
9	आभा लकरा	सौरभ साहू	नितां ा
10	रवि कुमार	दामिनी निशाद	टुके वर वर्मा

विषय–सूची

अध्याय		पृष्ठ क्रमांक
अध्याय 1	1.1 भूमिका 1.2 शोध का उद्देश्य 1.3 शोध परिकल्पनाएँ 1.4 शोध प्रविधि 1.5 अध्ययन क्षेत्र का सामान्य परिचय 1.6 शोध का महत्व 1.7 शोध की सीमाएँ	
अध्याय 2	शोध साहित्यों का पुनरावलोकन	
अध्याय 3	1. दुर्ग जिले का सामान्य परिचय 2. धमधा विकासखण्ड का सामान्य परिचय	
अध्याय 4	प्राथमिक आँकड़ो का विश्लेषण 4.1 न्यादर्श की आयु समुह का वर्गीकरण 4.2 न्यादर्श की शैक्षणिक स्थिति का वर्गीकरण 4.3 न्यादर्श की वैवाहिक स्थिति का वर्गीकरण 4.4 न्यादर्श की सिंचित एवं असिंचित भूमिका वर्गीकरण 4.5 न्यादर्श परिवार की कृषकों का वर्गीकरण 4.6 न्यादर्श परिवार की कृषि पध्दति का वर्गीकरण 4.7 सर्वेक्षित परिवारों की परम्परागत कृषि उपकरणों का वर्गीकरण	
अध्याय 5	सारांश, सुझाव एवं निष्कर्ष	

दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड में नवीन कृषि पध्दति का कृषि उत्पादन एवं कृषकों पर प्रभाव

प्रस्तावना :–

भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश की अधिकांश जनसंख्या आज भी कृषि से ही अपनी आजीविका अर्जित करती है। भारत में नही विश्व के अनेक देशों में भी कृषि एक महत्वपूर्ण व्यवसाय है, क्योंकि यह मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति का एक महत्वपूर्ण साधन है। किसी भी देश में उद्योगों के विकास के पहले कृषि का विकास किया जाना अत्यंत आवश्यक है। भारत जैसे देश के लिये जहाँ जनसंख्या के एक बड़े भाग की आजीविका का साधन कृषि है। इसलिए कृषि विकास पहली प्राथमिकता है।

भारतीय कृषि कई शताब्दी पहले ही सापेक्षिक दृष्ठि से परिपवक्ता की स्थिति में पहुंच चुकी थी और उस समय देश में कृषि तथा उद्योग में संतुलन था, जिससे कृषकों की दशा उतनी खराब नही थी जितनी आज है। स्थिती अठारहवी शताब्दी के मध्य तक बनी रही। स्वतंत्रता से पूर्व कृषि व्यवसाय 'जीवन–निर्वाह' का साधन मात्र बनकर रह गया। जमींदार और महाजन ऋणों की आड़ में किसानों की जमीन हड़प जाते थे इससे खेतिहर मजदुरों का एक नया वर्ग चंदा हो गया। ये लोग अन्य किसानों की भुमि पर मजदुरी करने लगे। मजदुरी का स्तर बहुत ही कम होता था। किसानों का एक बड़ा वर्ग कृषि से केवल जीवन–निर्वाह योग्य आय ही अर्जित कर पाता था। यह स्थिति लम्बे समय तक बनी रही।

1960–70 के दशक के मध्य में भारत में पारंपरिक कृषि व्यवहारों का प्रतिस्थापन आधुनिक कृषि तकनीकों से किया गया। इसके परिणाम स्वरूप भारत में एक से कृषि क्रांति व्यक्त हुई। आरंभ में नविन तकनीकों का प्रयोग 1960–61 में सात आई. ए. डी. पी. जिलों में मार्गदर्शी परियोजना के रूप में किया गया। इसके बाद अधिक उपजाउ किस्म के बीज के प्रोग्राम को आई.ए.डी.पी. के साथ जोड़ दिया गया और इस विकास रणनीति का पुरे देश भर में विस्तार करने का लक्ष्य तय किया गया। पारंपरिक कृषि अधिकरतर देशीय आदानों पर निर्भर करती है। इसमें कार्बनिक खाद, साधारण हल एवं अन्य आदिकालीन कृषि औजारों बैलों आदि का प्रयोग होता है। इसके विरूध्द, आधुनिक तकनीक में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों, बीजो

की उन्नत किस्मों (जिसमें संकर बीज भी शामिल है) कृषि मशीनरी, विस्तृत सिंचाई, डीजल और विद्युत शक्ति आदि का प्रयोग सम्मिलित है। 1966 के पश्चात् आधुनिक कृषि आदानों के

प्रयोग में 10 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृध्दि दर से उन्नति हुई है। भारत में कृषि का यंत्रीकरण अपना आधुनिकीकरण एक विवाद का विषय रहा है। जो लोग आधुनिकीकरण का समर्थन करते है, उनका कहना है कि इससे उत्पादकता में वृध्दि होती है। कृषि कि अन्य आगतों जैसे उत्कृष्ठ बीजों सिंचाई की सुविधाओं उर्वरकों आदि के अधिक प्रयोग की आवश्यकता तभी पड़ती है और इसका लाभ तभी प्राप्त होता है, जबकि कृषि में पहले पर्याप्त मात्रा में शक्ति में शक्ति का प्रयोग संभव हो जो कि मशीन से ही हो सकता है।

आधुनिकीकरण के आलोचनों का कहना है कि इससे भारत जैसे अतिरेक श्रम शक्ति वाले देश में बरोजगारी की संभावनाएँ और अधिक बढ़ जाती है। अधिक आबादी वाले देशों में जो अभी तक आर्थिक रूप से अविकसित है, छोटे खेतों का होना। ऐसे देशों में आबादी का अधिकतर भाग कृषि पर निर्भर करता है। अधिक आबादी वाले देशों में जो अभी तक आर्थिक रूप से अविकसित है, छोटे खेतों का होना, एक आम बात है।

ऐसे देशों में आबादी का अधिकतर भाग कृषि पर निर्भर करता है तथा इस कारण इन देशों में जोतों के आकार बहुत छोटे हो जाते है। भारत में खेती की दृष्टि में (न कि खेतों की मलकियत की दृष्टि से) जोतों का औसत आकार वर्ष 1976–77 में हो हैक्टर या जबकि वर्ष 1955–96 में यह कम होकर 1–41 हेक्टर हो गया था। भारतीय कशि श्रमिकों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से हमारे समाज का यह सबसे कमजोर वर्ग है। उनको मजदुरी बहुत कम मिलती है। 1947 तक ब्रिटिश सरकार ने इनकी दशा को सुधारने की और ध्यान नही दिया किन्तु स्वतंत्रता के पश्चात् राष्ट्रीय सरकार ने इनकी दशा को सुधारने के लिये अनेक उपाय किए है।

शोध का उद्दे य–

1. नवीन कृषि पध्दति का कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।
2. नवीन कृषि पध्दति का कृषकों की आर्थिक स्थिति पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।

3. नवीन कृषि पध्दति से ग्रामीण विकास पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पनाएँ–

1. बदलती कृषि पध्दति से कृषि उत्पादन पर कोई सकारात्मक प्रभाव नही पड़ा है।
2. बदलती कृषि पध्दति से कृषकों के जीवन स्तर में कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है।
3. कृषि पध्दति के परिवर्तन से ग्रामीण विकास पर कोई सकारात्मक प्रभाव नही पड़ा है।

शोध प्रविधि–

ऑकड़ो का संकलन :– प्रस्तुत शोध प्राथमिक व द्वितीयक ऑकड़ो पर आधारित होगा। प्राथमिक समंको का संकलन प्रत्यक्ष साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से एवं द्वितीयक समंको का संकलन शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं द्वारा प्रकाशित प्रतिवेदनों से संकलित किया गया है।

1. **प्राथमिक आँकड़ो का संकलन :–** प्राथमिक समंको का संकलन चयनित न्यादर्श ग्रामों के कृषक परिवारों से प्रत्यक्ष साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से किया गया है।
2. **द्वितीयक आँकड़ों का संकलन :–** प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध के द्वितीयक समंको का भी उपयोग किया गया है। द्वितीयक समंको के संकलन के लिए शासकीय एवं अर्ध्दशासकीय संस्थाओं द्वारा प्रकाशित विभागीय प्रतिवेदनों एवं इंअरनेट, पत्र, पत्रिकाओं से प्राप्त समंको का प्रयोग किया गया है।

आँकड़ो का विश्लेषणः– आँकड़ों का विश्लेषण करने के लिए सांख्यिकीय तकनीकों का प्रयोग जैसेः– रेखाचित्र, आरेख, सारणीयन, प्रतिशत विधि आदि के माध्यम से किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र का सामान्य परिचय–

प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध '' दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड में नवीन कृषि पध्दति का कृषि उत्पादन एवं कृषकों पर प्रभाव'' का अध्ययन करने के किए दुर्ग जिला का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन विधि के अंतर्गत किया गया है। यहाँ अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रहने के कारण मुख्य रूप से कृषि कार्य करते है। यहाँ अधिकतर कृषक कृषि कार्य को नवीन तकनीकों के माध्यम से करने लगे है। इन नवीन कृषि पध्दति से कृषि उत्पादन एवं कृषकों पर क्या प्रभाव पड़ा है। इसका अध्ययन करने के लिए दुर्ग जिला के मागरलोड़ विकासखण्ड को चुना गया है।

शोध का महत्व–

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। कृषि क्षेत्र ही देश की कुल श्रम शक्ति के लगभग 49% लोगों के लिए रोजगार सृजन करता है। इसलिए इसे भारतीय अर्थव्यवस्था की आधार शिला कहा जाता है।

1.**राष्ट्रीय आय में कृषि का आग :–** प्रथम विश्व युध्द के समय भारत की राष्ट्रीय आय का लगभग दो–तिहाई कृषि से प्राप्त होता था। इसका प्रमुख कारण औद्योगिक विकास का न होना था। स्वतंत्रता के बाद, विशेष तौर पर योजनाओं को लागू करने के बाद से, द्वितीयक, तृतीयक क्षेत्रों के विकास के कारण कृषि का हिस्सा लगातार कम होता गया है। 1950–51 में साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद में कृषि सहायक गतिविधियों का हिस्सा 53.1 प्रतिशत तथा 2013–14 में 13.9 प्रतिशत रह गया।

2.**रोजगार की दृष्टि से कृषि का महत्व :–** 1951 में कार्यकारी जनसंख्या का 69.5 प्रतिशत कृषि में लगा हुआ था। यह प्रतिशत संख्या 1991 में गिर कर 66.9 तथा 2001 में 56.7 हो गई। वर्ष 2004–05 में श्रम शक्ति का 52.1 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में लगा हुआ था। 2008–11 की अवधि में पुरूष श्रम शक्ति का 46 प्रतिशत तथा स्त्री श्रम शक्ति का 65 प्रतिशत कृषि में लगा हुआ था। जनसंख्या में तेज वृध्दि होने के कारण, कृषि में लगे हुए लोगों की वास्ततिक संख्या में बहुत बढ़ोतरी हुई है। अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों का उपयुक्त विकास न होने के कारण उनमें रोजगार अवसरों ये वृध्दि बहुत कम हो पाई है जिसमें मजबूरन बहुत से लोगों को कृषि पर काम करना पड़ा है भूमि पर उनकी सीमांत उत्पादकता बहुत कम हैं इससे अल्प रोजगार तथा छिपी हुई बेरोजगारी जैसी समस्याएँ पैदा होती है।

3 **बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए खाद्यान्नों की आपूर्ति–** भारत जैसे श्रम–आधिक्य वाले देशों में जनसंख्या के भारी दबाव के कारण, खाद्यान्नों की मांग में तेज वृध्दि होती है। इसके अलावा, गरीबी के कारण खाद्य–उपभोग का वर्तमान स्तर बहुत कम है। इसलिए प्रति व्यक्ति आय बढ़ने पर, सबसे पहले खाद्यान्नों की माँग बढ़ती है। इसलिए यह आवश्यक है कि कृषि क्षेत्र में उत्पादन लगातार बढ़ता रहे नही तो खाद्य–संकट पैदा हो सकता है।

3. **पूंजी निर्माण में सहयोग–** भारत जैसे विकासशील देशों में कृषि सबसे बड़ा क्षेत्र है इसलिए पूंजी निर्माण में उसका अधिक सहयोग अनिवार्य है। यदि यह क्षेत्र ऐसा कर पाने में असफल होगा तो आर्थिक विकास की प्रक्रिया अवरूध्द हो जाएगी।

निम्नलिखित नीतियाँ अपनाने की बात की जाती है– 1. कृषि से गैर–कृषि क्षेत्रों की ओर श्रम व पूंजी का अंतरण,

2 कृषि पर इस प्रकार से कराधान कि उस पर करों का भार,

3 कृषि उत्पादों पर इस प्रकार कीमत– नियंत्रण लगाना जिससे विनिमय की शर्तें कृषि के प्रतिकूल हो जाएँ।

5.**औद्योगिक विकास के लिए कृषि का महत्व–** भारत में औद्योगिक विकास की दृष्टि से कृषि का बहुत महत्व है। भारत में महत्वपूर्ण उद्योगों को जिनमें सूती वस्त्र, जूट, चीनी, तथा वनस्पति उद्योग है। कृषि से ही कच्चे पदार्थो की प्राप्ति होती है। औद्योगिक क्षेत्र में लगे हुए लोगों के लिए खाद्यान्नों के उत्पादन की जिम्मेदारी कृषि क्षेत्र पर ही है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र में विनिर्माण उद्योगों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का बाजार भी होता है। अभी भारतीय किसानों और खेतिहार मजदूरों की आय का स्तर काफी नीचा है। इसलिए इस क्षेत्र में तैयार वस्तुओं के लिए बाजार सीमित है। कृषि विकास से भारतीय उद्योगों के लिए ग्रामीण क्षेत्र में बाजार विस्तृत होना स्वाभाविक है।

6 **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और कृषि–** बहुत लम्बे समय तक तीन कृषि वस्तुओं (चाय, पटसन तथा सूती वस्त्रों) का भारत की निर्यात आय में 50 प्रतिशत हिस्सा था। यदि हम अन्य कृषि वस्तुओं जैसे कॉफी, तम्बाकू, काजू, वनस्पति तेल, चीनी इत्यादि को भी शामिल कर लें तो कृषि का निर्यात आय में हिस्सा 70 से 75 प्रतिशत तक पहुँच जाता है। कृषि वस्तुओं पर इतनी अधिक निर्भरता भारत के अल्प–विकास को प्रतिलक्षित करती थी। आर्थिक विकास के साथ–साथ उत्पादन में विस्तार व विविधीकरण हुआ जिससे निर्यात आय में कृषि का हिस्सा कम हुआ।

शोध की सीमाएं–

1. चयनित न्यादर्श क्षेत्र का अध्ययन करने की एक निश्चित सीमा होती है, जिसके कारण हमें सही आँकड़े उपलब्ध हो पाते है।
2. लघु शोध–प्रबंध का अध्ययन हम चयनित गाँवों का ही जानकारी एकत्र किया जाएगा, इसके बाहर के गाँवों का नही कर सकते।
3. धमधा विकासखण्ड में नवीन कृषि पध्दति का कृषि उत्पादन एवं कृषकों पर क्या प्रभाव पड़ा है, इसका अध्ययन किया गया है।

अध्याय 02

शोध साहित्यों का पुनरावलोकन

शोध साहित्य की समीक्षा–

1. **अग्रवाल फूलचंद, अग्रवाल मातादीन, (1972) ''भारत का आर्थिक विकास''** नामक अपने शोध लेख में यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का बहुत आर्थिक महत्व होते हुए भी भारतीय कृषि आज पिछड़ी हुई अवस्था में है तथा उसे अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय कृषि की प्रमुख समस्यायें ही इसके पिछड़ेपन के लिए जिम्मेदार है– भूमि पर जनसंख्या का अधिक भार, प्रति हेक्टेयर कम उत्पादन कृषि जोतों का छोटा तथा बिखरा होना, सिंचाई सुविधाओं का अभाव, कृषि विता का अभाव एवं कृषि ऋण ग्रस्तता, दोषपूर्ण भू–स्वामित्व व्यवस्था, खादों की अपर्याप्तता, अधिक उपज देने वाले बीजों का अीााव, मिट्टी की कटाव की समस्या, कृषि विपणन की दोषपूर्ण व्यवस्था है।
2. **शाह के. एन., (1973)''भारत और विदेशों में कृषि विकास''** नामक अपने शोध अध्ययन में यह निष्कर्ष ज्ञात किया कि राजस्थान में पंचवर्षीय योजनाओ के माध्यम से कृषि की स्थिति को पर्याप्त सुधारा गया है, किन्तु वह अभी भी संतोषजनक नही हैं इसमें उनके प्रमुख समस्याओं का उल्लेख किया गया हैं। सिंचाई के साधनों का अभाव, वित्तिय साधनों का अभाव, यातायात के अपर्याप्त साधन, अधिक जनसंख्या अकुशल एवं पक्षपात पूर्ण प्रशासन, दोषपूर्ण मूल्य नीति, जनसाधारण में सहयोग का अभाव में सभी इनके बाधक है।
3. **भालेराम एम.एम.,(1977) '' भारतीय कृषि अर्थशास्त्र''** नामक अपने शोध लेख में यह अध्ययन किया कि सिंचाई के अभाव से भारत में सघन खेती बहुत कम क्षेत्र में होती हैं व अधिकतर क्षेत्र में विस्तृत खेती होती है जिसमें कृषि श्रमिकों को सालीार काम न ही मिलता तथा मौसमी व अल्पराजगारी की समस्या बनी रहती है। अतः कृषि क्षेत्र में हीरोजगारी बढ़ाने के लिए सिंचाई की सुविधाएँ बढ़ाकर व उन्नत बीज, खाद, दवा आदि कृषि आवश्यक वस्तुएँ किसानों को उपलब्ध कराकर सघन खेती को प्रोत्साहन देना आवश्यक है। इस दिशा में सघन कृषि जिला कार्यक्रम, सघन कृषि क्षेत्र कार्यक्रम, सामुदायिक विकास कार्यक्रम, भारी उपजदायी किस्म, कार्यक्रम आदि।
4. **मिश्र जगदीश नारायण, (1979) ''भारतीय अर्थशास्त्र''** नामक शोध लेख में यह निष्कर्ष प्राप्त किया भारतीय कृषि के समक्ष अनक समस्याये बताये है जिसमें इन समस्या को तीन भागों में बॉटा है :–

कृषि की परिस्थितियों तथा तरीकों में भिन्नता हैः– देश के भिन्न–भिन्न भागों में मिट्टी की बनावट, जलवायु तथा फसलों के तरीकों में विभिन्नता पाई जाती है।

1. **प्रति श्रमिक निम्न उत्पादकता :–** प्रति व्यक्ति श्रम उत्पादता के निम्न होने का एक महत्वपूर्ण कारण कृषि में अधिक व्यक्तियों का लगा होना है। इस स्थिति के कारण कृषि में अल्परोजगार और बेरोजगारी उत्पन्न हो जाती है।
2. **प्रति हेक्टर कम उपज :–** भारतीय कृषि की तीसरी महत्वपूर्ण समस्या अन्य देशों की तुलना में यहाँ प्रति हेक्टयर निम्न उत्पादन तथा फसलों की उपज का कम होना है। भारत में प्रति हेक्टर गेहूँ का उत्पादन मिश्र के एक–तिहाई तथा हालैड एवं डेनमार्क के एक चौथाई के बराबर एवं चावल का उत्पादन इटली के लगभग एक चौथाई भाग के बराबर है।

5. **मिश्र जगदीश नारायण, (1979) ''भारतीय अर्थशास्त्र''** नामक अपने शोध अध्ययन में यह निष्कर्ष ज्ञात किया कि भारत में कृषि के यंत्रीकरण के मार्ग में बाधाएँ है। भारत 1966–67 से कृषि में यंत्रीकरण को बढ़ावा मिला है। देश में पम्प–सैटों व ट्रेक्टरों आदि की मांग बढ़ रही है और कृषि का व्यवसायीकरण होनें लगा जिसमें कई समस्याएँ उत्पन्न हुई है कृषकों के पास यंत्रों को खरीदने के लिए विता का अभाव यंत्रों के उत्पादन में कमी, सेवा सुविधाओं तथा मरम्मत का अभाव, विस्तार, संस्थाओं की कमी, छोटे कृषकों को विशेष कठिनाइयाँ, खेतों का छोटा आकार होगा।
6. **अग्रवाल ए.एन. (1987)''भारतीय अर्थव्यवस्था विकास एवं आयोजन''** नामक अपने शोध अध्ययन में कृषि कार्यो के भली प्रकार संचालन और विकास के लिए विता या उधार की आवश्यकता स्पष्ट है लेकिन भारत में इसकी उपलब्धि एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। इस समस्या को तीन महत्वपूर्ण पहलू में बताया गया है :–

1. **पर्याप्त, सस्ता एवं अल्प समय ऋण :–** कृषि संबंधी विभिन्न कार्यो के लिए आवश्यक मात्रा में ऋण का उपलब्ध होना जरूरी है। साथ ही आवश्यकता इस बात की भी है। कि ऋण नीची ब्याज दर पर और समय पर उपलब्ध हो अपर्याप्त मात्रा में ऋण मिलने से उद्देश्य की पूर्ति सम्भव नही हो पाती, बल्की इससे सारे कार्य में रूकावट पैदा होती है।

2. **कृषि अनुकूल ऋण :–** कृषि क्षेत्र की विता की आवश्यकताओं की अपनी कुछ अलग विशेषताएँ है। कृषि क्षेत्रों में बआई और फसल की बिक्री के बीच का भी समय लगता है और फिर कृषि एक मौसमी धंधा है। लेकिन किसानों को कृषि–कार्य चलाने के अतिरिक्त अपने उपयोग के लिए भी सारे वर्ष ऋण की आवश्यकता रहती है।

3. **छोटे किसान और ऋण :–** भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यहाँ अधिकांश किसान बहुत छोटी–जोतों पर खेती करते है। सीमित साधन वाले किसान होने के नाते एक और तो इन्हे ऋण की बड़ी आवश्यकता बहुत ऊँचे ब्याज पर महाजनों से उधार लेते है और ऋण न लौटा पाने के फलस्वरूप उपनी भूमि खो बैठते है।

7. **सायमन लेजली, कटारे श्याम सुन्दर, (1989) ''कृषि भूगोल''** नामक अपने शोध अध्ययन में यह निष्कर्ष ज्ञात किया कृषि में सामाजिक तथा आर्थिक कारण को बताया, ग्रामीण कृषक में आर्थिक तंगी संसाधनों की कमी, और धन की कमी, जागरूता की की के कारण वह उत्पादन सही तरीके से नहीं कर पाता है और अशिक्षा आदि से कृषि में अनेक समस्या उत्पन्न होती है। समाज में संगठन का अभाव एकता की कभी से किसान एक दुसरे की सहायता नही करते है यह भारतीय किसानों की मूल समस्या है। परिवहन का अभाव होना उचित जल की सिंचाई का अभाव खाद की अभाव में फसलों का उत्पादन कम होता है।

8. **भारती आर.के. (2000) ''भारत में कृषि आधारित उद्योग समस्याएँ एवं संभावनाएँ''** नामक शोध लेख में यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि भारतीय कृषि की उत्पादकता अपेक्षाकृत अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है। भारत में कृषि जोतो का आकार बहुत छोटा है। यहाँ की 76.3 प्रतिशत जोतें 2 हैक्टेयर या इससे भी छोटी होती है। आधुनिक तकनीकों के उपलब्ध होने के बाद भी अधिकांश उत्पादन पुरानी परंपरागत तकनीक से होता है। भारत में कृषि उत्पादन के कम होने का एक महत्पवपूर्ण कारण यह यह कि भारतीय किसान अच्छे उन्नत बीजों का उपयोग नहीं करता है। साथ ही अच्छी रासायनिक खादों को प्रयोग में नहीं लाया। भारत में 45 वर्षों के नियोजन के बाद भी मानसून पर निर्भरता में कोई विशेष कमी नही हुई है। अभी भी कुल भूमि का 33.3 प्रतिशत ही सिंचित क्षेत्र है। शेष 66.7 प्रतिशत मानसून पर निर्भर हैं। कृषि

अनुसंधान की जानकारी कृषकों तक नहीं पहुँचने के कारण भी निम्न उत्पादकता बनी रहती है।

9. **शर्मा ओ. पी., (2001)'' भारत में आर्थिक पर्यावरण''** नामक अपने शोध अध्ययन में भारत में कृषि विता के क्षेत्र मे ग्रामीण परिवेश में बैंक शाखाओं का अभाव होने के कारण बहुत से किसान, सेठ, साहूकारों के चंगुल में फंसे हुए है। पंचवर्षीय योजनाओं में ग्रामीण बैंक शाखाओं का विस्तार हुआ है किन्तु गाँवों में निरक्षरता के कारण किसान बैकिंग सुविधाओं का अपेक्षित लाभ नही उठा सके। कृषि विता के कारण कृषि विकास का तेज गति नही मिल सकी। गाँवों में बैंक शाखाओं का अभाव, निरक्षरता, भ्रष्टाचार, संस्थागत विता की कमी, कमजोर आर्थिक स्थिति, खेती के गलत तरीक, पक्षपात।

10. **शर्मा ओ. पी. (2001) ''भारतीय अथव्यवस्था की दिशा''** नामक अपने शोध अध्ययन में यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान होने के बावजूद भी कृषि विकास पर अपेक्षाकृत कम ध्यान दिया भारत की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। कृषि की उत्पादन क्षमता में वृध्दि के लिए खाद आवश्यक है। भारत मे खाद नितांत अभाव है। परम्परागत खाद जैसे गोबर को जलाकर राख कर दिया जाता है। रासायनकि खाद उत्पादन मांग की तुलना में कम है। देश में बुआई के समय रासायनिक खाद की किल्लत रहती है। बड़े पैमाने पर खााद की कालाबाजरी होती है। किसानों कों मंहगे दामों पर खाद खरीदना पड़ता है। भारत में रासायनिक उर्वरकों की कमी के साथ उत्तम बीजों का भी अभाव है।

11. **दत्त रूद्र, सुन्दरम के.पी.. एम., (2005)'' भारतीय अर्थव्यवस्था''** नामक अपने शोध लेख में यह निष्कर्ष प्राप्त किया है कि भारतीय किसान खती में उन्नत बीजों के महत्व से परिचित है। उन्नत बीजों द्वारा 10 से20 प्रतिशत उत्पादन वृद्धि हो सकती हैं। परन्तु वे सामान्य तथा इस प्रकार के बीजों का प्रयोग करते हैं, क्योकि या तो अच्छे बीज जो बुआई के लिए रखे जाते है, उपभोग कार्य में लाए जाते हैं या संग्रह न कर सकने के कारण वे नष्ट हो जाते है। अधिक महत्व की बात यह है कि किसान उन्नत बीजो का प्रयोग करें। कृषि विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने उन्नत बीजों का विकास करने और उन्हें लोकप्रिय बनाने के लिए अपनाने के पश्चात् रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में तीव्र वृध्दि होती गई है।

12. **गुप्ता, डॉ. बी.पी., स्वामी डॉ. एच.आर. आई (2003) ''भारत में आर्थिक पर्यावरण''** नामक शोध लेख में यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि कृषि वित्त की व्यवस्था को सुधारने के सुझाव निम्न दिये है :–

सहकारी साख व सहकारी विपणन में आवश्यक तालमेप कृषकों को रचया उधार देते समय इस बात की व्यवस्था की जानी चाहिए कि वह अपनी उपज कोसहकारी सतिति के माध्यम से ही बेचें।

1. ऋण चुकाने पर जोर :– लघु व सीमांत किसानों व अन्य काश्तकारों तक साख की सहूलियत पहँचाने के लिए जमानत के लिए 'भुमि' पर जोर न देकर चुकाने की योग्यता पर अधिक जोर देना चाहिए।
2. किसानों में बचत की आदत को बढ़ावा :– किसानों में बचत की आदत को विकसित करना चाहिए तथा ग्रामीण बचत को एकत्र करने के सर्वोत्तम उपाय अपनाये जाने चाहिए जिससे उन्हे अधिक ऋण नही लेना पड़े।
3. विभिन्न एकीकृत कार्यक्रमों को लागू करना :– सिंचाई, चकबन्दी भूमि, सुधार आदि के लिए विभिन्न एकीकृत कार्यक्रम जैसे – IRDP, JRY आदि कार्यक्रमों को सरल बनाया जाये, ताकि गाँव में रोजगार व आददनी बढ़ सके तथा निर्धनता का कुछ सीमा तक उन्मुलन हो सके।

13. **सिंह सुदामा, सिंह राजीव कृष्ण, (2003) ''भारतीय अर्थव्यवस्था''** नामक शोध लेख में यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि भारतीय कृषि के यंत्रीकरण से बहुत सारे श्रमिकों के बेराजगार होने की आशंका रहती है। एक मशीन कई सौ मजदूरां के बराबर कार्य करती है। अतएव यंत्रीकरण से लाखों की संख्या में खेतिहार मजदूर बेकार हो जाएंगे और इतनी बड़ी संख्या में खेतिहार मजदूरों को कृषि के अतिरिक्त अन्य उद्योंगों में रजागार प्रदान करने में कठिनाई होगी। भारतीय कृषक निर्धन है तथा ऋणग्रस्त रहता है। उसके पास इतने वित्तिय साधन नही होने कि वह खेती के लिए बड़े–बड़े कृषि यंत्र एवं उपकरएण्ए खरीद सके । वित्त अभाव में कृषक न चाहते हुए भी पुराने उपकरणों व चंत्रों पर ही निर्भर रहता है। इस समस्या का समाधान चकबंदी, सहकारी समितियों, साख संस्थाओं एवं बैंक में मदद से ही हो सकता है।

14. **लेखराज, (2004) ''छ.ग. में कृषि एवं पोषण एक भौगोलिक अध्ययन''** नामक अपने शोध अध्ययन में कृषि की मूल समस्या को दो प्रकार से बताएँ है जिसमें पहला मौलिक समस्या, दुसरा व्यवस्थापक समस्या है जिसमें पहला मौलिक समस्या, दुसरा व्यवस्थापक समस्या है मौलिक समस्या को कृषि में महत्वपूर्ण बताया गया है।

1. **मैलिक समस्या**–धान के खेत के भूमि का समतल होना नितांत आवश्यक है

जलवायु–जलवायु, अनिश्चित वर्षा के कारण कृषि उत्पादन प्रति हेक्टेयर अन्य कृषि प्रदेशों की तुलना में कम है।

2. **भुजल** की समस्या और मेड़ का आकार अच्छा होना चाहिए।
3. **व्यवहारिक समस्या**–मोटे अनाज, एवं कृषि फसलों में गोबर खाद का उपयोग नही होता है। लोगों में शिक्षा की कमी, परंपरा एवं रीति रिवाज, गरीबी तथा परिवार की दायित्व कृषि नवाचार क विकास एवं उपयोग विकास मे प्रमुख बाधक है।

15. **चौधरी सी.एम., (2004)'' भारत में आर्थिक पर्यावरण ''** नामक शोध लेख में यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि कृषि में जोखिम एवं अनिश्चितता के नियंत्रण के लिए निम्न उपाय किये जा सकते है :– किसानों को शिक्षित किया जाना चाहिए जिससे वे कृषि साख, कृषि विपणन, बाजार की दशाओं, कृषि आदानों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर सके। इसके साथ ही साथ कृषि में नये प्रवर्तनों के बारे में समय–समय पर कृषि अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श तथा प्रशिक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। इससे किसानो को प्रोत्साहित करके कृषि जोखिम एवं अनिश्चितता को कम किया जा सकेगा। कृषि की जोखिम एवं अनिश्चितताओं को दूर करने के लिए न केवल कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृध्दि करना आवश्यक है बल्कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना भी आवश्यक है।

16.गुप्ता पी.के, (2005)'' कृषि अर्थशास्त्र'' नामक अपने शोध लेख में यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि कृषि विपणन के दोषों को दूर केने के उपाय तथा सरकार द्वारा इस संबंध में उठायें गये व्यय इस प्रकार हैः–

1. नियंत्रित मण्डियों की स्थापना :– किसानों को अनियत्रित मण्डियों की कपटपूर्ण पध्दतियों से मुक्त करने के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर नियंत्रित मण्डियों स्थापित की जाएं।

2. कृषि उपज का श्रेणीयन एवं प्रमाणीकरण :– अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ख्याति प्राप्त करने तथा उपज की किस्म में सुधार करने के लिए कृषि वस्तुओं का श्रेणीयन व प्रमाणीकरण होना चाहिए । इससे कृषकों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिलेगा तथा देश में बढ़िया किस्म के कृषि उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा।

3. विपणन सूचनाओं का प्रसारण एवं प्रकाशन :– किसानों को उनकी उपज मूल्य संबंधी जानकारी देने के लिए विपणन सूचनाओं का प्रकाशन एवं प्रसारण।

4. वित्तिय सुविधाये :– किसनों को महाजन के चंगुल से बचाने तथा कृषि–विपणन उत्पादों सुधार लाने के लिए यह आवश्यक है कि सस्ते ब्याज की दर पर वित्तिय सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाए।

17. **गुप्ता पी.के., (2006)''कृषि अर्थशास्त्र''** नामक अपने शोध अध्ययन में यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि कृषि श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव निम्न हैः–

1. कृषि कला में उन्नति :– उत्तम बीज का प्रबंध हो, सिंचाई के साधनों का प्रसार हो, यातायात के साधन का विकास हो, बंजर भूमि को खेती योग्य बनाये जाये। उपज की बिक्री में सुधार किया जाए तथा खेतों चकबंदी हो और खेतों को अधिक जोत के योग्य बनया जाए।
2. अन्य सुझाव :– 1. श्रम सहकारिताएं संगठित की जाए तथा सरकार इन्हे निर्माण कार्यो का ठेका देने में प्राथमिकता दें।

   2. भू–ह्रासता का अंत करने के लिए कृषि–श्रमिक परिवारों को शिक्षित किया जाए तथा इन्हे उन्नति के अवसर प्रदान किए जाए,
3. कृषि श्रमिकों के लिए सामाजिक बीमें की व्यवस्था की जाये ताकि असमर्थता की स्थिति में कृषि श्रमिकों का हित लाभ दिया जा सके।
4. गांवो में सार्वजनिक निर्माण कार्यो का प्रसार किया जाए
5. कृषि श्रमिकों को सस्ती साख प्रदान करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में गैर– कृषि साख नमितियों की स्थापना की जाये।

18. **सोनी कृष्ण, (2008)''कृषि अर्थशास्त्र के मुख्य विषय''** नामक अपने शोध अध्ययन में यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि छोटे तथा सीमांत किसानों की तीन कारणों को बताया है जिसमें हैः– 1. खेत का अपने आकार में छोटा होना, 2. वित्त की कमी 3. खेती के विकास से संबंधित पर्याप्त जानकारी की उपलब्धि में रूकावट, आदि समस्या है जिनका

मुख्य रूप से केवल एक छोटे किसान को ही साधना करना पड़ता है। छोटे किसान अपने खेत में सिंचाई के लिये नलकूप नही लगा सकते। संसाधनों की कमी होती है, उपचारित बीज की कमी और खाद नहीं डाल सकता ।

19. **रामाप्रसाद, यादव सत्यवीर, (2007)'' कृषि पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण नियोजन''** नामक शोध लेख में यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि जोतों के आकार का कृषि के विकास पर प्रभाव निम्न हैः– 1. बड़े आकार के जोत वाले कृषकों के पास उत्पादन आधिक्य होने से बचत अच्छी हाती है। इस कारण इनकी कृषि में पूंजी निवेश की क्षमता भी अधिक होती है। 2. बडे आकार के जोतो में उर्वरकों का प्रयोग भी अधिक होता है तथा कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करते है जिससे उनकी उत्पादकता में वृध्दि होती हे। पिछले कई वर्षो से खाद्यान्नों के उत्पादन में जो वृध्दि हुई है, उसमें सबसे बड़ा योगदान सिंचाई अधिक उत्पादन देने वाली बीजों तथा उर्वरकों के प्रयोग का रहा है, जिसका उपयोग मध्यम व बड़े आकार के जोत अधिक करते है। 3. लघु व सीमांत कृषकों के पास साधन हीनता होती है । जिसमें इनके पास या तो बहुत कम बचत होती या बचत शून्य रहती हैं इसके कारण से खेती में पूंजी निवश अधिक नही कर पाते। उन्नत बीज व रासायनिक खाद का प्रयोग इस प्रकार के जोतो में बहुत सीमित है। लघु व सीमांत कृषक गरीबी के कुचक्र से अपने आप को नही बचा पाते। उत्पादन कम होने पर बचत कम होती है, जिसके कारण कृषि में सिंचाई, खाद आदि का प्रयोग सीमित होने के कारण उत्पादन पुनः कम होता है।

20. **मिश्र जय प्रकाश, (2008)'' कृषि अर्थशास्त्र''** नामक शोध लेख में यह निष्कर्ष प्राप्त कया कि भारतीय कृषि की अनिश्चितता को दखते हुए फसल बीमा आवश्यक ही नही अपितु अपरिहार्य है। फसल बीमा योजना के भावी विस्तार के लिए राष्ट्रीय कृषि आयोग ने निम्न सुझाव दिए हैः–

1. फसल बीमा के संदर्भ में सभी कृषि वस्तुओं एवं प्रमुख खाद्यान्नों के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में पायलट योजनाएँ प्रारंभ की जानी चाहिए, ताकि सभी क्षेत्रों एवं विभिन्न फसलो में फसल बीमा के क्रियान्वयन की पुरी तस्वीर सामने आ सके।
2. देश के उन क्षेत्रों में जहां अनिश्चितता की अधिकता के कारण कृषक बीमा किस्त का भुगतान करने में समर्थ नही है, वहां किस्त का निर्धारण न्यूनतम स्तर पर किया जाना चाहिए। यह व्यवस्था समाज कल्याण कार्यक्रम के रूप मे अपानाई जा सकीत है

3. आयोग ने पूंजी सम्पदा की सीमा–योजना लागू करने की भी सिफारिश की है। आयोग की धारणा है कि पूंजी सम्पदा बीमा का महत्व बीमा की अपेक्षा कृषकों के लिए अधिक है।

अध्याय – 3

1. दुर्ग जिले का सामान्य परिचय
2. धमधा विकासखण्ड का सामान्य परिचय

1. दुर्ग जिले का सामान्य परिचय–

दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ राजय का एक जिला है यह राजधानी रायपुर से 35 कि.मी. दक्षिण दिशा में स्थित है। दुर्ग जिला को अधिकारिक तौर पर 1 जनवरी 1906 को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले से विभाजित किया गया। इस जिले में तीन विकासखण्ड हैं जिसे धमधा, पाटन, दुर्ग के रूप में विभाजित किया गया है।

भौगोलिक स्थिति एवं विस्तार–

दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित है। इसका कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 2238 कि.मी.^{2} है। यह जिला भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के मध्य में स्थित है। भौगोलिक दृष्टिकोण से दुर्ग जिला $20^0$51′ उत्तरी अक्षांश और $81^0$37′ पूर्व देशांतर के बीच स्थित है। यह समुह तल से 314 मीटर ऊपर है। दुर्ग जिला के ऊपर में रायपुर और बेमेतरा के साथ–साथ दक्षिण में बालोद, पूर्व में धमतरी और पश्चिम में राजनांदगांव जिला घिरा हुआ है।

जनसंख्या–

दुर्ग जिले की जनसंख्या 2011 जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 33,43,872 है। जिसमें पुरूषों की जनसंख्या 16,82,101 व महिलाओं की जनसंख्या 16,61,771 है। 0–6 वर्ष आयु वर्ग की कुल जनसंख्या 430,536 है। जिसमें पुरूष 219,341 एवं महिला जनसंख्या 211,195 है।

साक्षरता दर–

दुर्ग जिला का कुल साक्षारता दर 79.06 प्रतिशत है, जिसमें पुरूषों का साक्षारता दर 87.82 प्रतिशत तथा महिलाओं का 70.23 प्रतिशत है।

दुर्ग जिला की भौगोलिक संरचना

दुर्ग जिला की भौगोलिक संरचना को अध्ययन की दृष्टि से तीन भागों में बाँटा गया है–

1. मैदानी
2. पर्वतीय भाग
3. पठार भाग

1. **मैदानी भाग**

मैदानी भू–भाग जहाँ जीवन सरल एवं सुगम होता है जहाँ कृषि कार्य यातायात के साधन एवं अन्य सुविधाएँ पर्याप्त होती है दुर्ग जिला में मैदानी क्षेत्र का विस्तार अधिक है मैदानी क्षेत्रों में कृषि कार्य बड़े पैमाने पर किया जाता है।

2. पर्वतीय भाग

दुर्ग जिला में पर्वतीय क्षेत्र के पि चमी भाग के क्षेत्रों में देखने को मिलता है। पर्वतीय भू–भाग वे होते है जहाँ जीवन अत्यधिक कठिन व संचार साधनों कृषि भूमि का अभाव पाया जाता है।

3. पठार भाग

दुर्ग जिला के दक्षिण पश्चिमी भाग में पठार है यहाँ भी मानव बसावट कम होते हैं तथा कृषि या अन्य कार्य होता है।

लोकसभा एवं विधानसभा

दुर्ग जिला में एक लोकसभा क्षेत्र एवं 6 विधान सभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग भाहरी, वै ाली नगर, भिलाई नगर, पाटन, और अहिवारा है।

कृषि–

दुर्ग जिला में कृषि जीविकोपार्जन का प्रमुख साधन है। यहाँ कुल 244436 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल उत्पादन किया जाता है। जिसमें खरीफ का क्षेत्र 1444912 हेक्टेयर तथा रबी का क्षेत्र 99524 हेक्टेयर है। दुर्ग जिला में खरीफ फसलों में धान, अरहर, तिल, अलसी प्रमुख है। रबी में गेहुँ, चना, सरसों प्रमुख है।

वनस्पति–

दुर्ग जिला का अधिकतर मैदानी क्षेत्र है। दुर्ग जिला में कुल वन का क्षेत्रफल 48546 वर्ग कि.मी. है। जिसमें आरक्षित वन का क्षेत्रफल 6200 किमी है। दुर्ग जिला में प्रमुख वनोपज सागौन, ईमारती लकड़ी, साल ईमारती लकड़ी, जलाऊ लकड़ी एवं अन्य मिश्रित ईमारती लकड़ी पाए जाते हैं।

शिक्षा–

दुर्ग जिला में साक्षरता का स्तर बहुत अच्छा है। सन् 2011 जनगणना के अनुसार प्राथमिक शाला 1091, माध्यमिक विद्यालय की संख्या 574, हाईस्कूलों की संख्या 87, उच्चतर माध्यमिक स्कूलों की संख्या 149, महाविद्यालयों की संख्या 23 एवं 11 व्यवसायिक संस्थाएँ है।

बैकिंग एवं वित्तिय सुविधाएँ–

दुर्ग जिला में कुल बैको की संख्या 91 है जिसमें ग्रामीण बैंको की संख्या 60, अर्ध्दशासकीय बैंक 31 सहकारी बैंक 9 तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 20 है।

सामाजिक विशेषताएँ–

दुर्ग जिला एक छोटा सा जिला है, जहाँ सभी वर्ग के लोग निवास करते है, इसमें हिन्दु, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई सभी धर्मो को मानने वाले लोग निवास करते है। यहाँ हिन्दु धर्म के मानने वालों की जनसंख्या अधिक है। सामान्य क्षेत्र होने के कारण वन इसके दक्षिणी भाग में जनजातिय लोगों की संख्या अधिक है।

प्रशासनिक ढाँचा–

तालिका

प्रशासनिक दृष्टि से दुर्ग जिला में निम्नलिखित विभाग है।

क्र		
1.	जिला कार्यालय	दुर्ग
	तहसीलों की संख्या	03 (दुर्ग,पाटन,धमघा)
	विकासखण्ड की संख्या	03 (दुर्ग,पाटन,धमघा,)
	लोकसभा क्षेत्र	01 (क्षेत्र क्र. 07 दुर्ग)
	विधानसभा क्षेत्र	05(दुर्ग ग्रामीण,दुर्ग शहरी पाटन ,वौशाली नगर भिलाई)
	नगर पंचायत	03 (धमधा,उतई,पाटन)
	नगर निगम	04 दुर्ग, भिलाई,चरौदा,रिसाली
	जिला न्यायलय	01 दुर्ग
	ग्राम पंचायत	112
	कुल ग्राम	388

2. धमधा विकासखण्ड का सामान्य परिचय

कृषि :–

धमधा विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है। ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों को कृषि कार्य के लिए ज्यादातर मानसून पर निर्भर रहना पड़ता है, तथा इस ग्रामीण क्षेत्र में सिचाई के लिए बाँध, नहरों की उचित व्यवस्था नही है। कुछ कृषकों के पास

अपनी स्वयं की सिंचाई के साधन जैसे– कुआँ, बोरबेल होने से वे अपना कृषि का कार्य करते हैं और यहाँ किसान एक फसल व दो फसल लेते हैं। सबसे ज्यादा कृषक एक फसल की बोआई करते हैं लेकिन दो फसल कुछ कृषकों द्वारा की जाती है जिसमें सब्जी, गेहूं, चना, मटर आदि की खेती करते हैं।

जनसंख्या :– धमधा दुर्ग जिले का एक विकासखण्ड है। धमधा विकासखण्ड की कुल जनसंख्या 2011 के जनगणना अनुसार 115150 है इस विकासखण्ड में कुल 63 ग्राम पंचायत है तथा 114 ग्राम है। यहाँ महिला जनंसख्या 57763 हैं तथा पुरूष जनसंख्या 57387 है, जिसमें अनुसूचित जाति की कुल संख्या 5280 है, अनुसूचित जन जाति. 28863, अन्य पिछडा वर्ग/सामान्य वर्ग के जनसंख्या 81007 है। सबसे अधिक जनसंख्या अनुसूचित जन जाति का है, सबसे कम अनुसूचित जाति का है।

सामाजिक स्थिति :–

धमधा विकासखण्ड में सभी धर्मों के लोग निवास करते है जिसमें सबसे ज्यादा हिन्दु धर्म के लोग 96.62% अत्यधिक है, मुस्लिम 3.07% ईसाई 0.25% सिख 0.02% है। धमधा में 15 वार्डों की संख्या है।

शिक्षा–धमधा विकासखण्ड में शिक्षा हेतु प्राथमिक से लेकर स्नातकोत्तर तक की सुविधा उपलब्ध है। धमधा विकासखण्ड में शासकीय महाविद्यालय है, जिसने धमधा क्षेत्र के आस–पास के गाँवो से छात्र–छात्राएँ शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते है। इस विकासखण्ड में हर गाँव में प्राथमिक शाला उपलब्ध है।

साक्षारता दर–2011 के अनुसार धमधा पंचायत की औसत साक्षरता दन 75.66 थी, जिसमे पुरूष और महिला साक्षरता क्रमशः 85.72 और 65.72 थी। धमधा विकासखण्ड में कुल साक्षरता 79393 थी, जिसमें पुरूष और महिला क्रमशः 44699, 34694 थी

अन्य सुविधाएँ–

धमधा जनपद पंचायत में कृषि उपज मण्डी, यातायात के साधन, सीटी बस, पुलिस थाना, नगर पंचायत कार्यालय, बस स्टाप, यात्री प्रतिक्षालय, डाकघर, सरकारी बैंक, बैंक सेवा, यातायात के साधन नियमित बस सुविधा, पक्की सड़कें आदि सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

बाल जनसंख्या धमधा–

2011 की जनगणना के अनुसार धमधा तहसील में 0 से 6 साल की उम्र के 16,494 बच्चे यें। जिनमें से 16,494 पुरूष थे जबकि 16,494 महिलाएँ थीं।

शहरी ग्रामीण 2011 की जनगणना के अनुसार शहरी क्षेत्रों में धमधा, तहसील में कुल 1,434 परिवार रहते है, जबकि 1,434 परिवार ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे है। इस प्रकार धमधा तहसील की कुल जनसंख्या का लगभग 5.2 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में रहता है जबकि 94.8 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है। शहरी क्षेत्र में बच्चों की जनसंख्या 787 है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में जनसंख्या 15,707 है।

लिंग अनुपात–धमधा तहसील का लिंग अनुपात 1009 है। इस प्रकार प्रत्येक 1000 पुरूषों के लिए धमधा तहसील में 1009 महिलाएँ थीं। 2011 की जनगणना के अनुसार बच्चों का लिंग 991 या जो धमधा तहसील के औसत लिंग अनुपात (1009) से कम है।

अध्याय 4

न्यादर्श खण्ड

न्यादर्श परिवार की आयु समुह का वर्गीकरण

तालिका क्रमांक– 01

ग्राम	कुल परिवार	आयु समुह			
		15–24	24–54	55–64	65+
गोढ़ी	20	01	17	02	00
लिमतरा	20	04	14	01	01
कंडरका	20	02	12	03	03
मुरमुंदा	20	05	12	03	03
